हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।
- श्री मोदी ने कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में नया विश्वास जगाया है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में बजट पूर्व चर्चा के दूसरे दिन मंत्रियों व विधायकों के सुझाव लिए।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि सरकार, नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप बजट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
- राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय खेल मंत्री  को पत्र लिखकर भिवानी में एक खेल महाविद्यालय खोलने का आग्रह किया।
- आज विश्व मोटापा दिवस पर पंचकूला स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दस दिवसीय मोटापा निवारण शिविर शुरू किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। सरकार सुधार की गति में तेजी लाई है। श्री मोदी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र पर एक वेबिनार को संबोधित कर रहे

थे।श्री मोदी ने कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में नए विश्वास को जगाया है। -

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उद्योग देश के आर्थिक विकास में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।
बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा।

सेकंड)
देश में व्यवसाय की सुगमता में सुविधा पहुंचाने के लिए किए गए विभिन्न उपायों को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने जन विश्वास अधिनियम को कार्यान्वित किया तथा अनुपालन को कम करके सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की । उन्होंने कहा कि सरकार दूसरे जनविश्वास विधेयक पर कार्य कर रही है।श्री मोदी ने कहा कि विश्वभर के देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी सशक्त करना चाहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि उद्योगपतियों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवसरों की तलाश करने और विनिर्माण नवाचारी उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया।

***********

पंचकूला में चल रही बजट पूर्व चर्चा के आज दूसरे दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्रियों व विधायकों के सुझाव लिए।बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि मंत्रियों और विधायकों द्वारा राज्य और अपने क्षेत्र के विकास के लिए काफी सुझाव दिए गए हैं। सभी ने जनता के हित की बात की है।

हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि बजट से पूर्व सभी मंत्रियों व विधायकों से मंत्रणा की गई है। उन्होंने भी अपने विभाग से संबंधित सुझाव दिए हैं।
श्री विज ने बताया -

उन्होंने कहा कि कंडक्टर और तारे भी वर्षों पुरानी है। इनको बदलने का सुझाव भी दिया गया है। श्री विज ने कहा कि वहीं रोडवेज में भी और बसों को जरूरत है। नई बसों के साथ मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में भी बस अड्डा बनाने की बात भी रखी गई है।

इसके अलावा हर जिले में मजदूरों की संख्या के अनुसार 25 बिस्तर के अस्पताल खोलने की बात भी रखी गई है।बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा और राजेश नागर ने भी पत्रकारों से बातचीत की। विपक्ष के कई विधायकों द्वारा कर्ज बढ़ने की बात कहे जाने पर श्री नगर ने कहा-

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई पाइपलाइन आदि बिछाने के लिए बजट की मांग रखी गई है।

********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि पंचकूला में हुई बजट पूर्व परामर्श बैठक में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों का धन्यवाद किया है।उन्होंने कहा कि विधायकों को अपने सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है ताकि सभी

महत्वपूर्ण सुझावों को सम्माहित कर प्रदेश में विकास को और तीव्र गति प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले कई दिनों से समाज के विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ कर बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित की गई हैं ताकि एक बेहतरीन बजट प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा बजट बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो नागरिकों की जरुरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

***********

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया को एक पत्र लिखकर भिवानी में चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से संबद्ध एक खेल महाविद्यालय खोलने का आग्रह किया है। श्रीमती चौधरी ने पत्र के माध्यम से कहा कि भिवानी में बेहतरीन खेल प्रतिभाएं हैं जिन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसलिए भिवानी में खेल विश्वविद्यालय की ज़रूरत है।उन्होंने कहा कि इससे युवा एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण, शिक्षा और आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान करके इस अंतर को पाटने में मदद मिलेगी।

श्रीमती किरण चौधरी ने कहा कि भिवानी में पर्याप्त भूमि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और एक अच्छी तरह से स्थापित खेल पारिस्थितिकी तंत्र है। यहाँ खेल महाविद्यालय ना केवल जमीनी स्तर के खेल प्रशिक्षण को बढ़ाएगा बल्कि खेल विज्ञान, प्रशिक्षण और प्रबंधन में उच्च शिक्षा भी प्रदान करेगा,जो राज्य में खेलों के समग्र विकास में योगदान देगा।

***********

आज विश्व मोटापा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पंचकूला स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में सहायक प्रोफेसर डॉ पूजा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा-

उन्होंने बताया कि उनका संस्थान आज 4 से 13 मार्च तक 10 दिवसीय मोटापा निवारण शिविर का आयोजन कर रहा है।जिस का शुभारंभ आज विश्व मोटापा दिवस पर किया गया।

डॉ पूजा ने बताया कि 10 दिवसीय शिविर में  मुफ्त सुविधाएँ जैसे आहार और जीवनशैली योजना, लिपिड प्रोफाइल विश्लेषण, पंचकर्म चिकित्सा, और व्यक्तिगत रूप से निर्धारित औषधि उपचार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने मोटापे से पीड़ित लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया।